22

जूही का जन्मदिन

28LJNZ

स्कूल में जूही का जन्मदिन मनाया गया। जूही स्कूल से घर लौटी।

जूही– नमस्ते माँ। मैं आ गई।

माँ– जीती रहो, बिटिया। क्या–क्या हुआ आज ?

जूही– आज तो मजा आ गया माँ।

माँ– अच्छा! वह कैसे ?

जूही– आज स्कूल में मेरा और वैभव का जन्मदिन मनाया गया माँ ।

माँ– अरे वाह, कैसे–कैसे ?

जूही– दीदी ने पहुँचते ही हमें बधाई दी।

माँ– यह तो बहुत अच्छा रहा।

जूही– हाँ माँ। फिर दीदी ने हमें मिठाई खिलाई। टॉफी भी दीं। सब बच्चों ने तालियाँ बजाईं। गाने गाए और नाचे।

माँ– सचमुच तब तो तुम्हें बहुत मजा आया होगा। तुम्हारे पिता जी भी मिठाई लेकर आने ही वाले हैं।

बच्चों से उनके विभिन्न दैनिक अनुभवों एवं सामान्य शिष्टाचार पर बातचीत करें।

वर्णमाला

अ आ इ ई उ ऊ
ऋ

ए ऐ ओ औ अं अः

क ख ग घ ङ

च छ ज झ ञ

ट ठ ड ढ ण

ढ़ ड़

त थ द ध न

प फ ब भ म

य र ल व

श ष स ह

क्ष त्र ज्ञ श्र



बच्चों को वाक्य से शब्द तथा शब्द से वर्ण पर आते हुए सम्पूर्ण वर्णमाला की पुनरावृत्ति तथा पुनर्बलन कराएँ। कक्षा में लगे चित्रों चार्टों तथा संदेशों में वर्ण पहचान कराएँ।